23.56 लाख की डिजिटल अरेस्ट ठगी के तीन और आरोपी गिरफ्तार

राजस्थान में साइबर क्राइम पर लगाम कसने के लिए पुलिस ने कार्रवाई तेज की

जयपुर (कासं)। साइबर अपराधियों के खिलाफ राजस्थान पुलिस की मुहिम तेज हो गई है। पुलिस थाना साइबर क्राइम ने 23.56 लाख रुपये की डिजिटल अरेस्ट धोखाधड़ी के एक बड़े मामले का पर्दाफाश करते हुए तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पहले एक आरोपी की गिरफ्तारी के साथ, कुल गिरफ्तारियां चार तक पहुंच गई हैं। यह गिरोह देशभर में डिजिटल अरेस्ट के नाम पर लोगों को डरा कर लाखों रुपये ठग रहा था, जिसका खुलासा इस कार्रवाई से हुआ है।

साइबर क्राइम के पुलिस अधीक्षक शान्तनु कुमार ने इस सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुए बताया कि बीते 27 मई को जयपुर के एक निवासी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 23 मई को उन्हें दो संदिग्ध मोबाइल नंबरों से कॉल आए। कॉल करने वालों ने खुद को मुंबई के कोलावा पुलिस स्टेशन से संजय कुमार बताया। उन्होंने कहा कि परिवादी द्वारा 2 जनवरी 2025 को मुंबई से खरीदे गए एक मोबाइल नंबर का उपयोग मनी लॉन्ड्रिंग और आपत्तिजनक मैसेज भेजने के लिए

गिरफ्तार आरोपी ओमप्रकाश, वंशुल और भूपेश

किया गया है। इतना ही नहीं उन्हें बताया गया कि उनके खाते में 2.8 करोड़ रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग हुई है और उनके नाम पर एक गैर-जमानती वारंट भी जारी हो चुका है।

धोखाधड़ी को और पुख्ता बनाने के लिए ठगों ने परिवादी को सीबीआई के मुख्य जांच अधिकारी रोहित कुमार गुप्ता से बात करवाई, जिन्होंने भी उन्हीं बातों को दोहराया। इसके बाद परिवादी को एक आवेदन लिखने और यह विश्वास दिलाने के लिए मजबूर किया गया कि उनका आधार कार्ड केनरा बैंक से जुड़ा है और उसका दुरुपयोग मनी लॉन्ड्रिंग में हुआ है। उन्हें यह भी बताया गया कि उनके खाते फ्रीज करने और गिरफ्तारी वारंट जारी करने के आदेश हो चुके हैं। ठगों ने व्हाट्सएप वीडियो कॉल के जरिए एक अदालत का दृश्य भी दिखाया, जिसमें एक न्यायाधीश संतोष कुमार भार्गव (परिवादी का नाम) के सभी खातों को जब्त करने और राशि जमा न करने पर तुरंत गिरफ्तारी का आदेश देते हुए दिखाई दे रहे थे। इस दबाव में आकर 26 मई को परिवादी ने अपने बैंक खाते से आरटीजीएस के माध्यम से आईसीआईसीआई बैंक, सेक्टर 11, रोहिणी, नई दिल्ली में स्थित कृष्णा सर्जिकल के खाते में कुल 23 लाख 56 हजार रुपये हस्तांतरित कर दिए।

इस सनसनीखेज धोखाधड़ी के सामने आने के बाद साइबर क्राइम पुलिस थाना पर एफआईआर दर्ज कर तुरंत जांच शुरू की गई। पुलिस के

- **मामले में पुलिस एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी**

गहन अनुसंधान के दौरान यह सामने आया कि ठगी गई रकम का एक बड़ा हिस्सा कृष्णा सर्जिकल के खाते में गया था। पुलिस ने इस खाते के लाभार्थी सुरेश कुमार जाट उर्फ सुरेन्द्र पुत्र बलबीर सिंह निवासी रामसिंहपुरा जिला झुंझुनू को 30 मई को बागबन अपार्टमेंट थाना शाहबाद डेयरी, रोहिणी, नई दिल्ली से गिरफ्तार किया।

सुरेश कुमार जाट से पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे हुए। उसने बताया कि ठगी की गई रकम (लगभग 3 करोड़ रुपये, जिसमें अन्य मामलों की राशि भी शामिल है) को उसने अपने तीन साथियों ओमप्रकाश उर्फ नितेश (23) निवासी सूरतगढ़ सदर जिला श्रीगंगानगर, वंशुल उर्फ आर्यन उर्फ प्रवीण (19) निवासी हमीरवास जिला चुरू और भूपेश फगेड़िया पुत्र भागीरथ (27)निवासी रामसिंहपुरा बिसाऊ जिला झुंझुनू के साथ मिलकर ठिकाने लगाया था।

ये आरोपी जयपुर के एक होटल में रुके थे और होटल के वाई-फाई का उपयोग कर नेट बैंकिंग के माध्यम से ठगी की गई रकम को विभिन्न बैंक खातों में ऑनलाइन स्थानांतरित कर रहे थे। अनुसंधान अधिकारी नीरज मेवानी के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल दौलत राम, कांस्टेबल कृष्ण कुमार, आनंद कुमार और बनवारी लाल की टीम ने तत्परता दिखाते हुए उपरोक्त तीनों आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट पर जिला कारागृह सोनीपत से गिरफ्तार किया।

एसपी शांतनु कुमार ने बताया कि इन आरोपियों के खिलाफ हरियाणा के चंडीगढ़, सोनीपत, दिल्ली के रोहिणी, बिहार के पटना और कर्नाटक के बेंगलुरु जैसे बड़े शहरों में भी डिजिटल अरेस्ट धोखाधड़ी के समान मामले या शिकायतें दर्ज हैं। यह इंगित करता है कि यह एक संगठित गिरोह है जिसका नेटवर्क देशभर में फैला हुआ है। साइबर क्राइम पुलिस अब तक इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है और उनसे आगे की पूछताछ जारी है।

ग्रेटर निगम की कार्रवाई को लेकर जताया विरोध, बाजार भी बंद रखे

जयपुर। मालवीय नगर में अतिक्रमण को लेकर निगम के कर्मचारियों और व्यापारियों में झड़प के बाद व्यापारियों ने बाजार बंद कर रोड जाम कर दिया हैं। मालवीय नगर स्थित पालिका बाजार में बुधवार को निगम का दस्ता अतिक्रमण हटाने के लिए मौके पर गया था। इसी दौरान व्यापारियों ने निगम की कार्रवाई का विरोध किया। विरोध के दौरान व्यापारी और निगम कर्मचारियों में हाथापाई हो गई। स्थानीय व्यापारियों ने घटना की जानकारी बीजेपी नेता सुमन शर्मा को दी, जिसके बाद सुमन शर्मा मौके पर पहुंची और व्यापारियों के साथ कार्रवाई का विरोध करते हुए सड़क पर बैठ गई। विरोध बढ़ता देखकर मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ भी मौके पर पहुंच गए और व्यापारियों की मांगे पूरी करवा कर मामला शांत करवा दिया। मौके पर धरना करीब एक घंटे तक चला।

स्थानीय व्यापारियों ने बताया कि निगम की ओर से उन्हें किसी भी प्रकार का नोटिस सर्व नहीं किया गया। वह यहां पर कई सालों से अपना व्यापार कर रहे हैं। अगर निगम समय पर नोटिस देता तो वह जगह को खाली कर देते लेकिन एकाएक निगम दस्ते के मौके पर पहुंचने और कार्रवाई करने से व्यापारी परेशान हैं। व्यापारियों ने कहा कि सेक्टर 9 में पालिका बाजार हैं। निगम कर्मचारी बिना बताए जबरन दुकान के बाहर रखा सामान जब्त करने लगे। दुकानदारों ने विरोध किया तो उनके साथ हाथापाई करने लगे।

सार-समाचार

"राहत 2025" अभियान का आगाज

जयपुर । सोसायटी फॉर पब्लिक ग्रिवेंसिस (एसपीजी) के चेयरपर्सन प्रो. बी. डी. रावत और एसपीजी, इंडिया के सचिव डॉ. गोविंद रावत (एडवोकेट) ने बताया कि बुधवार को "राहत-2025 अभियान का मेगा लॉन्चिंग बड़े पैमाने पर किया गया। इस अभियान की शुरुआत सुबह 5 बजे जयपुर के विभिन्न स्थानों जैसे गोविंद देव जी मंदिर, मोती डूंगरी गणेश जी मंदिर, ताड़केश्वर नाथ मंदिर, चौड़ा रास्ता, पिंजरपोल गोशाला आदि पर गायों को चारा खिलाकर की गई। उसके बाद सुबह 7 बजे अल्बर्ट हॉल, मोटी डूंगरी गणेश मंदिर, काला हनुमान मंदिर आदि में कबूतरों को दाना डाला गया और उसके बाद सुबह 8 बजे सभी भरोसेमंद पक्षियों को पानी पिलाने के लिए उसी स्थान पर मिट्टी के परिंडे वितरित किए गए। एसपीजी, भारत महिला विंग की अध्यक्ष गिर्राज देवी एवं डॉ. गुंजन ने बताया कि काला हनुमान जी, खोका हनुमान जी, अक्षयपात्र मंदिर एवं ताड़केश्वर नाथ मंदिर आदि स्थानों पर जरूरतमंद लोगों को धूप एवं बारिश से बचाने के लिए सामूहिक छाता वितरण किया गया। एसपीजी इंडिया कार्यक्रम समन्वयक मोहिनी, चित्रकला, सोनल और सीए प्रियंका ने बताया कि राहत-2025 के उस महाअभियान के अंतर्गत राधा दामोदर मंदिर में जलयात्रा, पोषाक धारण और विशेष श्रीनगर का आयोजन किया गया। एसपीजी, इंडिया कार्यकारिणी के सदस्य अंकित खंडेलवाल, कैलाश चंद बड़ाया, हनुमान प्रसाद दुसाद, मुकेश ने बताया कि सभी जरूरतमंद लोगों ने उस अभियान के उद्देश्यों की बहुत सराहना की है। हम आपसे विनम्र निवेदन करते हैं कि कृपया उस महाअभियान को अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र और टीवी चैनल में बड़े पैमाने पर प्रकाशित और प्रसारित करें, क्योंकि इससे समाज और जनमानस में अच्छा सामाजिक और धार्मिक संदेश जाएगा।

मेयर ने किया विकास कार्यों का उद्घाटन

जयपुर । नगर निगम हेरिटेज के वार्ड 74 में गुरुवार को विभिन्न विकास कार्यों की आधारशिला रखी गई । इस संबंध में हेरिटेज निगम महापौर कुसुम यादव ने बताया कि वार्ड 74 के गुरुवार को वार्ड वासियों को विकास कार्यों की सौगात दी । जिसमें सीवर लाइन डालने, सी सी सड़क, नई नाली निर्माण कार्य उद्घाटन किया गया । इस दौरान पूर्व पार्षद व चेयरमैन अजय यादव हल्दियों का रास्ता व्यापार मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र बज घी वालो का रास्ता व्यापार मंडल अध्यक्ष नीरज लुहाड़िया दड़ा मार्केट अध्यक्ष मनोज गोयल गौरीशंकर सोनी प्रभात शर्मा अक्षय यादव नरेश विजयवर्गीय रॉकी जैन संजय सैनी बाबू लाल रैगर मनीष बिवाल राकेश शर्मा पप्पू कुरैशी गजेंद्र शर्मा कैलाश अग्रवाल सहित स्थानीय निवासी और व्यापारी बंधु मौजूद रहे ।

सीवर लाइन कार्य का शुभारंभ

जयपुर । ग्रेटर निगम क्षेत्र के वार्ड 131 के विकास कार्यों को और आगे बढ़ाते हुए बुधवारको रूप विहार बस्ती में नई सीवर लाइन डालने का काम शुरू हुआ। विधायक काली चरण सराफ ने भूमि पूजन कर इसकी शुरुआत की। पार्षद गोविन्द छीपा ने बताया कि उनके द्वारा रूप विहार की सम्पूर्ण सीवर लाइन अपने कार्यकाल में नई डलवा दी है।केवल एक हिस्सा रह गया था जो आज पूरा हो गया है। इस अवसर पर महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुमन शर्मा, राजेश बड़ोतीया, भंवर बाकोलिया, राजकुमार,सरदार सर्वजीत सिंह, पप्पू लाल, मांगी लाल,बाबूलाल चांवरिया सरपंच, सुनील बड़जात्या, नरेन्द्र सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

आर्टिस्ट्स सिनेमा 20 जून से शुरू होगा

जयपुर । जयपुर सेंटर फॉर आर्ट (जेसीए) की ओर से छह सप्ताह का कार्यक्रम "आर्टिस्ट्स' सिनेमा" शुरू किया जायेगा, जो कि 20 जून से 31 जुलाई तक चलेगा। इस कार्यक्रम को साहसिक, काव्यात्मक और सीमाओं को लांघती फ़िल्मों के माध्यम से सिनेमा को एक कलात्मक अभिव्यक्ति और सामूहिक अनुभव के रूप में मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम सिटी पैलेस में आयोजित होगा। डॉ. श्वेतल अश्विन पटेल द्वारा क्यूरेट किया गया यह पहला आर्ट और फिल्म कार्यक्रम दक्षिण एशिया और अन्य देशों की 150 से अधिक फ़िल्मों को प्रस्तुत करेगा। इसमें कई तरह की शैलियां और प्रारूप होंगे, जैसे कि लघु प्रयोगात्मक फ़िल्में, डॉक्यूमेंट्री, और ऐतिहासिक व समकालीन, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित फीचर फिल्में भी शामिल होंगी। जयपुर सेंटर फॉर आर्ट के सह-संस्थापक, हिज हाइनेस महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने कहा कि, जयपुर एक ऐसा शहर रहा है जहां परंपरा और रचनात्मकता सदैव सौहार्द्र के साथ साथ चलती रही हैं। जयपुर सेंटर फॉर आर्ट में इस समर फिल्म प्रोग्राम के माध्यम से हम इस विरासत को आगे बढ़ाते हुए दुनियाभर की फ़िल्मी अभिव्यक्तियों को एक साथ लेकर आए हैं।

जवाहर कला केन्द्र में जूनियर समर कैंप

जयपुर । जवाहर कला केन्द्र का रंगायन सभागार बुधवार को अनेक रचनात्मक रंगों से रंगा नजर आया जहां बच्चों ने अपनी कल्पनाओं से तैयार कहानियों को साकार किया। मौका रहा केन्द्र की ओर से आयोजित जूनियर समर कैंप की थिएटर क्लास के समापन समारोह के पहले दिन का। 8 से 17 वर्ष के 250 से अधिक बच्चों ने नौ ग्रुप्स ने बारी-बारी से यहां प्रस्तुति दी। यह प्रस्तुति 20 जून तक जारी रहेगी। बच्चों की कल्पनाओं का संसार कितना अनोखा होता है यह परिसर में कदम रखते ही होता है। यहां फोयर एरिया में बच्चों की ओर से बनाए गए न्यूज लेटर आगंतुकों का स्वागत करते हैं। अभिभावक बच्चों की प्रस्तुति को देखने को बहुत आतुर दिखे। सभी बच्चों ने जिस अनोखे अंदाज में अपने-2 ग्रुप का परिचय दिया इसमें सभी का जोश देखते ही बनता था। सबसे पहले चैटरबॉक्स की ने इरेजर की खातिरदारी नाटक पेश किया। नन्हें कलाकारों ने पेंसिल और इरेज़र का रूप धरा। वर्तिका उदावत, धीरेन्द्र पाल सिंह और समंदर सिंह चैटरबॉक्स ग्रुप को प्रशिक्षण दिया। रेणु सनाढ्य और जीतेन्द्र शर्मा छोटे प्यादे ग्रुप के प्रशिक्षक रहे।

'उपहार ब्राण्ड को अधिक व्यापक-विश्वसनीय बनाएं'

जयपुर । सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां मंजू राजपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप सहकारी उपभोक्ता भण्डारों द्वारा अपने उत्पादों की समुचित ब्राण्डिंग एवं प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि कॉनफेड का 'उपहार' ब्राण्ड अपनी खास पहचान बना चुका है, इसलिए सहकारी उपभोक्ता भण्डारों के सभी उत्पाद इसी ब्राण्ड के नाम से बिक्री किए जाएं।

राजपाल बुधवार को शासन सचिवालय स्थित अपने कक्ष में सहकारी उपभोक्ता भण्डारों द्वारा अपने उत्पादों की ब्राण्डिंग एवं प्रचार-प्रसार के संबंध में बैठक को सम्बोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि ब्राण्ड उत्पादों की विश्वसनीयता तथा विशिष्ट पहचान स्थापित करते हुए ग्राहकों को आकर्षित करता है और उन्हें उत्पादों पर भरोसा करने में मदद करता है। एक मजबूत ब्राण्ड व्यवसाय की सफलता के लिए महत्वपूर्ण कड़ी है। अत: 'उपहार' ब्राण्ड को और अधिक व्यापक, मजबूत और विश्वसनीय बनाने के प्रयास किए जाएं।

प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि कॉनफेड तथा जिला सहकारी उपभोक्ता भण्डारों के उत्पादों के ब्राण्ड नाम में एकरूपता होनी चाहिए। जिन भण्डारों द्वारा उपहार ब्राण्ड नाम का उपयोग नहीं किया जा रहा है, उन्हें इसका उपयोग करने के लिए निर्देश जारी किए जाएं। उन्होंने कहा कि जिला सहकारी उपभोक्ता भण्डारों के उत्पादों की पैकिंग को अधिक आकर्षक बनाया जाए। स्मार्ट पैकिंग में उत्पाद उपलब्ध होने से ग्राहक इनकी तरफ ज्यादा आकर्षित होंगे। साथ ही, उत्पादों को गिफ्ट पैक में भी उपलब्ध करवाया जाए, जिससे लोग त्योहारों आदि पर इन्हें एक-दूसरे को उपहार के रूप में दे सकें।

राजपाल ने कहा कि बड़ी संख्या में देश-विदेश से लोग राज्य में पर्यटन तथा भ्रमण के लिए आते हैं। ये लोग राजस्थान के प्रसिद्ध मसालों तथा अन्य उत्पादों को आसानी से खरीदकर ले जा सकें, इसके लिए एयरपोर्ट जैसे स्थानों पर उपहार ब्राण्ड के उत्पाद उपलब्ध करवाये जाने चाहिए।

उन्होंने नेहरू सहकार भवन, शासन सचिवालय एवं राइसेम आदि स्थानों पर 'उपहार' आउटलेट्स खोले जाने तथा सरस पार्लरों पर 'उपहार' ब्राण्ड के उत्पाद उपलब्ध करवाये जाने का सुझाव दिया।

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि उपहार ब्राण्ड के 5 मसाले एगमार्क हैं, जबकि शेष के लिए एगमार्क प्राप्त करने हेतु आवेदन किया गया है।

रात 8 बजे बाद शराब बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई करे : कर्णावट

जयपुर । ग्रेटर निगम के उप महापौर पुनीत कर्णावट ने जयपुर आबकारी अधिकारी को पत्र लिखकर कहा कि जयपुर के अनेक नागरिकों द्वारा कई बार मेरे संज्ञान में लाया गया है कि जयपुर शहर में राजस्थान सरकार द्वारा अनुज्ञाधारी अधिसंख्य शराब की दुकानों द्वारा बंद होने का समय जो कि रात्रि 8 बजे का है, उसका खुला उल्लंघन किया जा रहा है।

जयपुर में बड़ी संख्या में शराब की दुकानें रात 8 बजे के बाद भी देर रात तक खुली रहती है, और कई-कई दुकानें तो रात्री 1-2 बजे तक भी शराब का विक्रय करती रहती है, हालांकि उनके द्वारा शटर 08.00 बजे ही बंद कर दिये जाते है। इन शराब की दुकानों के बाहर खडे लड़के गाडियों में हाथ के ईशारे से रोकने को प्रेरित करते है व चाही गई शराब/बीयर अधिक दरों पर उपलब्ध करावते है।

उपमहापौर पुनीत कर्णावट ने बताया कि उपरोक्त शिकायतें जब उनके संज्ञान में लायी गई तो टोंक रोड़ व अजमेर रोड़ सहित अनेक दुकानों पर रात्रि 8 बजे बाद भी गैर कानूनी तरीके से हो रही शराब की बिक्री का सत्यापन उनके द्वारा करवाया गया जिसमें ये शिकायतें सही पायी गई है।

बिजली विभाग के ठेका कर्मचारी की करंट लगने से मौत, हंगामा

परिजनों ने एस.एम.एस अस्पताल में किया विरोध प्रदर्शन

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । बिजली विभाग के ठेका कर्मचारी विक्रम धानका की करंट लगने से मौत हो गई। इसके बाद बुधवार सुबह से ही परिजन एसएमएस अस्पताल के मुर्दाघर के सामने विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया। मृतक के परिजनों का आरोप है कि बिजली बोर्ड ने विक्रम को कोई सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं करवाए थे। विभाग की लापरवाही के कारण विक्रम की जान गई है। विधायक गोपाल शर्मा भी परिजनों से मिलने पहुंचे हैं।

गौरतलब है कि विक्रम 17 जून को ड्यूटी पर काम कर रहा था। इस दौरान करंट लगने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई थी। विक्रम धानका सोडाला का रहने वाला है। वह बिजली विभाग में ठेका कर्मचारी के रूप में कार्यरत था। वैशाली नगर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

परिजनों ने बताया कि विक्रम की तीन छोटी बच्चियां हैं। विक्रम परिवार में कमाने वाला एकमात्र सदस्य था। उसके जाने के बाद परिवार के सामने

- **परिजनों का आरोप है कि विभाग की लापरवाही व सुरक्षा उपकरण मुहैया नहीं करवाये जाने के कारण हुई मौत**

आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। परिजन सरकार से मुआवजे और नौकरी देने की मांग कर रहे हैं।

विक्रम के भाई मुकेश कटारिया ने बताया कि यह घटना मंगलवार दोपहर करीब डेढ़ बजे की है। सूचना मिलते ही हम अस्पताल पहुंचे। उस समय ठेकेदार के साथ विभाग के एईएन और जेईएन भी थे। उन्होंने भी कहा कि पोस्टमार्टम मत करवाओ। लेकिन हमने अपनी मांग रखी।

इसके बाद विधायक गोपाल शर्मा ने हमें आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा है कि 7 दिन के अंदर 15 लाख और 5 लाख का चेक कलेक्टर की ओर से दिया जाएगा। साथ ही बच्चियों को नौकरी का आश्वासन दिया है। विक्रम की तीन बेटियां हैं। उसके पिता 80 साल के हैं। वह भी बीमार रहते हैं। सारी जिम्मेदारी छोटे भाई पर है।

उसके अलावा कोई कमाने वाला नहीं है। हम कहना चाहते हैं कि जो भी मदद कर रहा है, वह झूठा आश्वासन न दे। विक्रम विभाग में हेल्पर के पद पर है। उसे वैशाली नगर के अमर नगर से किसी शिकायत पर एईएन ने भेजा था।

दोनों जूनियर हेल्पर को शिकायत पर भेजा गया था। उस समय उनके साथ कोई सीनियर नहीं था। दोनों लाइट बंद करके पोल पर चढ़े थे। लेकिन उल्टी लाइट जल गई या दो फेस थे। बिजली विभाग की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ। उन्होंने दोनों हेल्पर भेज दिए। कोई लाइनमैन या सीनियर उनके साथ नहीं गया।

अगर लाइनमैन होता तो यह हादसा नहीं होता। अभी तक हमने उनके परिवार को भी नहीं बताया कि उनकी मौत हो गई है। रात से ही हम घर पर बता रहे हैं कि वह आईसीयू में हैं। उनका इलाज चल रहा है।

"जलधारा" को हरा-भरा रखने के लिए 2 लाख लीटर उपचारित जल प्रतिदिन देगी जयपुर डेयरी

जयपुर। जवाहर लाल नेहरू मार्ग स्थित "जलधारा" गार्डन को हरा-भरा रखने के लिए जयपुर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ (जयपुर डेयरी) प्रतिदिन 2 लाख लीटर उपचारित जल देगा। चूंकि इस गार्डन का रखरखाव जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा किया जाता है, परंतु जलधारा गार्डन को सिंचाई के लिए 2 लाख लीटर प्रतिदिन उपलब्ध करवाकर जयपुर डेयरी प्रशासन ने जल संरक्षण की दिशा में अनुकरणीय कदम उठाया है। यह यह जल अत्याधुनिक ई.टी.पी और जीरो लिक्विड डिस्चार्ज (जेड.एल.डी.) प्रणाली के माध्यम से पूरी तरह उपचारित होगा।

जयपुर डेयरी के प्रबंध संचालक मनीष फौजदार ने बताया कि जयपुर डेयरी प्रतिदिन लगभग 12 से 15 लाख लीटर दूध का प्रसंस्करण करती है, जिसके लिए 15 से 19 लाख लीटर जल की आवश्यकता होती है। यह जल आवश्यकता मुख्य रूप से बिसलपुर जल योजना तथा जल टैंकरों के माध्यम से पूरी की जाती है। प्रसंस्करण के उपरांत निकलने वाले अपशिष्ट जल को वैज्ञानिक तकनीकों से उपचारित कर पर्यावरण के अनुकूल बनाया जाता है।

उपचारित जल का उपयोग विभिन्न सार्वजनिक स्थलों को हरा-भरा रखने हेतु किया जा रहा है। वर्तमान में यह जल एमएनआईटी को 2 लाख लीटर तथा जवाहर सर्किल गार्डन को 4.3 लाख लीटर प्रतिदिन की दर से उपलब्ध कराया जा रहा है। अब जलधारा गार्डन को भी इस योजना में सम्मिलित किया गया है, जिससे शहरी हरियाली को नया जीवन मिलेगा और जल संसाधनों पर दबाव भी कम होगा।

आज जयपुर डेयरी परिसर में जयपुर डेयरी के प्रबंध संचालक मनीष फौजदार एवं अधिकारी कर्मचारियों द्वारा राज्य सरकार के "वंदे गंगा जल संरक्षण जन-अभियान" के अंतर्गत मियांवारी तकनीक से वृक्षारोपण एवं तुलसी के पौधे वितरण का

ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

जयपुर (कासं)। करधनी थाना इलाके में बुधवार सुबह पटरी पार करने के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार बुधवार सुबह करीब 10 बजे दादी का फाटक पुलिया के पास पटरी पार करने के दौरान एक युवक ट्रेन कीचपेट में आ गया। इससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंच कर पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान मंडावरी दौसा हाल बैनाड रोड करधनी निवासी सौनू बैरवा पुत्र प्रभूदयाल के रुप में हुई है। पुलिस ने शव को मुर्दाघर में रखवा दिया है। गुरुवार को पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

होटल ले जाकर महिला से दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

जयपुर । जालूपुरा थाना पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पीड़िता को तलाक मामले में अच्छे वकील से मिलाने के बहाने होटल ले गया था और फिर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस पुलिस जांच में आरोप प्रमाणित होने पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि जालूपुरा थाना पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में कार्रवाई करते हुए रामबाबू शर्मा निवासी आंधी जिला जयपुर को गिरफ्तार किया है।

गौरतलब है कि 15 जून को पीड़िता ने थाने में मामला दर्ज करवाया है कि उसका उस के पति से तलाक का मुकदमा चल रहा है। आरोपित रामबाबू शर्मा ने उसे मुकदमे की पैरवी के लिए अच्छे वकील से मिलवाने के बहाने सिन्धी कैम्प स्थिति एक होटल में ले गया। जहां पर आरोपित रामबाबू शर्मा ने उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के बयानों के आधार पर मामला दर्ज किया गया जहां जांच के दौरान आरोपी के खिलाफ कई सबूत मिलने पर पुलिस ने कलेक्टर से गिरफ्तार किया।

नियमितिकरण के लिए अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे पैराटीचर्स

जयपुर । लंबे समय से नियमित करने की मांग को लेकर संघर्ष कर रहे पैराटीचर्स और शिक्षाकर्मियों ने आर-पार की लडाई का ऐलान करते हुए राजधानी के शहीद स्मारक पर बुधवार को अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। प्रदेशभर से पैराटीचर्स और शिक्षाकर्मी धरने में शामिल हुए। वहीं बड़ी संख्या में महिला पैराटीचर्स भी धरने में पहुंची। पैराटीचर्स ने साफ कर दिया कि जब तक सरकार उनकी मांगें नहीं मान लेती, तब तक धरने से नहीं उठेंगे।

राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ एकीकृत ने भी पैराटीचर्स और शिक्षा कर्मियों के धरने को अपना समर्थन दिया है। धरने में पहुंचे महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ का कहना है कि पैराटीचर काफी सालों से तृतीय श्रेणी शिक्षक के समान स्कूलों में शिक्षा देने का काम कर रहे हैं। तृतीय श्रेणी शिक्षकों

- **नियम बन चुका, फिर भी सरकार ने इन्हें नियमित नहीं किया : राठौड़**

की आधी तनख्वाह भी पैराटीचर्स को नहीं मिल पा रही है। उन्हें एक मजदूर के समान 16000 रुपए वेतन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह बात सही है कि साल 2008 में कुछ पैराटीचर्स को प्रबोधक बना दिया गया था, लेकिन आज भी 7000 से ज्यादा पैराटीचर्स और शिक्षाकर्मी नियमित होने से वंचित हैं.

राठौड़ ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय कांट्रेक्चुअल हायरिंग रूल्स 2022 बनाया गया था, तब सरकार ने कहा था कि 1 लाख 10 हजार कर्मचारियों को नियमित कर दिया गया है। हालांकि किसी को भी 100 प्रतिशत नियमित नहीं किया गया है। शिक्षाकर्मी और पैराटीचर्स भी इन नियमों के तहत आते हैं। राठौड़ ने कहा कि पैराटीचर्स को उसी दिन नियमित किया जाना चाहिए था, क्योंकि नियमों में लिखा है कि जो 5 साल की सेवा पूरी कर चुका है उसे नियमित किया जाएगा।

राठौड़ ने कहा कि पैराटीचर और शिक्षाकर्मी की सेवा 20 से 25 साल की हो गई है, लेकिन इन्हें नियमित नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कई बार शिक्षा मंत्री मदन दिलावर से भी इस संबंध में बातचीत हुई है। शिक्षा मंत्री को भी पता नहीं है कि सेवा रूल्स 2022 क्या हैं? अगर वे पढ़ते, तो निश्चित तौर पर यह सब लोग आज नियमित होते। शिक्षा विभाग की हठधर्मिता के कारण भी इन्हें लाभ नहीं मिल पा रहा है। धरने के बाद प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यसचिव तथा शिक्षा सचिव को ज्ञापन भी सौंपा गया।